महाराजा सुहेल देव विश्वविद्यालय, आजमगढ़

Email- registrar.msduniversity.azamgarh@gmail.com

Website: www.msdsu.ac.in

पत्रांक–4773 / कु0का0 / 2024 दिनांक–29 / 10 / 2024

अनुस्मारक पत्र

कार्यालय–आदेश

उ0प्र0 शासन (उच्च शिक्षा) अनुभाग–3 के आदेश संख्या–2090 / सत्तर–3–2024–09(01) / 2023 (L4) दिनांक 02.09.2024 के आलोक में विश्वविद्यालय के कार्यालय आदेश पत्रांक 4586 / कु0का0 / 2024 दिनांक 01.10.2024 के माध्यम से विश्वविद्यालय के क्षेत्रान्तर्गत सभी शैक्षणिक संस्थानों को शैक्षणिक सत्र 2024–25 मे स्नातक पाठ्यक्रमों के प्रथम सेमेस्टर में नव प्रवेशित विद्याथियों को तीन मेजर विषयों के स्थान पर केवल दो मेजर विषयों के चयन हेतु निर्देश दिये गये है (आदेश प्रति संलग्न)।

उक्त के क्रम में अवगत कराना है कि महाविद्यालय के ऑनलाइन पोर्टल पर स्नातक पाठ्यक्रमों के प्रथम सेमेस्टर में नव प्रवेशित विद्यार्थियों के लिए नियमानुसार किन्ही दो मेजर विषयों के चयन हेतु विकल्प दिनांक 21.10.2024 से उपलब्ध है।

अतः निवेदन है कि स्नातक पाठ्यक्रमों के प्रथम सेमेस्टर में नव प्रवेशित विद्यार्थियों के दो विषयों के चयन की कार्यवाई महाविद्यालय के लागिन द्वारा विश्वविद्यालय के पोर्टल आनलाईन पर दिनांक 25.10.2024 तक की तिथि निर्धारित की गयी थी। महाविद्ययालयों द्वारा व्हाट्सएप एवं व्यक्तिगत स्वयं विश्वविद्यालय से सम्पर्क कर अवगत कराया गया है कि उनके महाविद्यालय के छात्रों द्वारा विषय का चयन नही किया जा सका है। मा0 कुलपति जी के निदेश के क्रम में अवगत कराना है कि स्नातक पाठ्यक्रम के प्रथम सेमेस्टर के नव प्रवेशित छात्रों के विषय चयन की तिथि 30.10.2024 तक विस्तारित की जाती है। समस्त महाविद्यालय उक्त निर्धारित अवधि में विषय चयन का कार्य सुनिश्चित कर ले ताकि छात्रों के डाटा समर्थ पोर्टल को प्रेषित किया जा सके। शासन के निर्देश के क्रम में पुनः तिथि का विस्तारण सम्भव नही होगा।

भवदीय

29.10.24

(विशेश्वर प्रसाद)
कुलसचिव

प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

1. निजी सचिव कुलपति को, माननीय कुलपति जी के सूचनार्थ।
2. समस्त राजकीय / अनुदानित एवं स्ववित्तपोषित महाविद्यालय के प्राचार्य एवं प्रबंधक को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
3. दैनिक समाचार पत्रों को इस आशय से प्रेषित की यह विज्ञापन छात्रहित में निशुल्क प्रकाशित करने का कष्ट करें।
4. प्रभारी एजेंसी को इस आशय से प्रेषित कि उक्त सूचना समस्त महाविद्यालयों के लॉग इन पर अपलोड करने का कष्ट करें।

कुलसचिव